दैनिक भास्कर
27-10-2025

जीएमएन कॉलेज का धर्मेंद्र कुवि में 85.8% अंक लेकर रहा प्रथम

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग के विद्यार्थी धर्मेंद्र कुमार ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 85.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पाया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि विद्यार्थी ही हमारा स्वाभिमान हैं, जिनकी कुशलता के आधार पर महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अनूठे कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और समाज के लिए एक प्रेरणा और आदर्श का रूप बन रहा है।

प्राचार्य ने कहा कि जीएमएन कॉलेज अपने विद्यार्थियों के लिए रोजगारपरक विषयों को कॉलेज प्रांगण में संचालित कर रहा है, जिससे विद्यार्थी उच्च स्तर पर रोजगार प्राप्त करके अपने जीवन के वास्तविक लक्ष्यों और उद्देश्यों की पूर्ति करते हुए एक आदर्श समाज के निर्माण और राष्ट्रीय उन्नति में अपनी सहभागिता स्थापित कर सके। मौके पर प्राचार्य ने विभागाध्यक्ष डॉ. एमससएस नैन, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. कृष्ण पूनिया, डॉ. सरोज बाला, डॉ. तृप्ति शर्मा और लवप्रीत सिंह की भी सराहना की।